डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 97 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | रविवार 19 जनवरी 2025 | मूल्य 2 रुपया




## महिला को सम्मोहित कर सोने के गहने ठगे

**नीमच, 18 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जावद में दो ठगों ने एक महिला दुकानदार को सम्मोहित कर उसके गहने उतरवा लिए। बस स्टैंड स्थित कनक स्टेशनरी की दुकान पर हुई इस वारदात में दो लोग साधु के वेश में आए थे।

पीड़ित महिला वीना बंग के अनुसार दोनों ठग पहले 500 रुपए का नोट देकर पेन मांगने लगे। जब खुल्ले पैसे नहीं होने की बात कही तो उन्होंने 200 रुपए दिए। ऊ नमः शिवाय बुलवाया और सम्मोहन कर सोने की चेन और अंगूठी उतरवा ली। सीसीटीवी फुटेज में महिला खुद अपने गहने उतारकर देती दिख रही है। फुटेज में यह भी कैद हुआ कि एक आरोपी दुकान का गल्ला भी चेक करता नजर आया। महिला को जब होश आया, तब उन्होंने तुरंत डायल 100 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। हालांकि, आसपास के इलाके में आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिला है। यह घटना दिन के समय में घटी।

### सड़क हादसे: मंदसौर जिला 29वें नंबर पर...

# तीन सालों में बढ़ा दुर्घटनाओं का ग्राफ

**✻ हेलमेट और सीट बेल्ट से दूरी, बन रही मौत का कारण**
**✻ यातायात विभाग के प्रयास जारी, टोल कंपनी के साथ किया सर्वे**

**मंदसौर, 18 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** सड़क हादसो का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सड़क हादसों के मामलों में मंदसौर जिला प्रदेश में 29वें नंबर पर है। यह स्थिति 2024 में हुई दुर्घटनाओं के आधार पर है। वहीं पड़ोसी जिले नीमच में प्रदेश में सबसे कम हादसे हुए है। मंदसौर में सड़क हादसों के साथ दुर्घटना में घायलों और मृतकों का आंकड़ा भी कम होने का नाम नहीं ले रहा है। मौत और गंभीर घायल होने के कारणों में हेलमेट और सीट बेल्ट से परहेज सबसे महत्वपूर्ण कारण निकलकर सामने आ रहा है। हालांकि सड़को और टोल कंपनी की कमियां को छोड़ भी दे तो भी कहीं न कहीं लापरवाही और जागरुकता का अभाव सड़क हादसों के ग्राफ को कम नहीं होने दे रहा। इधर यातायात पुलिस के प्रयास जारी है। शनिवार को यातायात पुलिस प्रभारी मनोज सोलंकी, सूबेदार शैलेंद्रसिंह सहित अन्य अधिकारियों ने टोल कंपनी, एमपीआरडीसी के साथ मंदसौर सीतामऊरोड का सर्वे किया। यहां कमियों को चिन्हित कर उन्हें सुधार के लिए प्लान तैयार किया जाएगा।

**दुर्घटनाएं बढ़ी, मौतों का ग्राफ नहीं घटा...**

यातायात पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पिछले तीन सालों के रिकॉर्ड पर गौर करें तो मंदसौर में दुर्घटनाओं के ग्राफ के साथ सड़क हादसों में बढ़ोतरी हुई है। वहीं मौत का ग्राफ भी कम नहीं हो पाया है। 2022 में 648 हादसे हुए। जिसमें 681 लोग घायल हो गए। वहीं 200 लोगों की मौत हुई। 2023 में सड़क हादसों में कमी आई। इस साल 615 सड़क हादसे हुए। इसमें 545 घायल हुए। लेकिन, चिंता की बात यह है कि मौत का आंकड़ा कम नहीं हुआ। इस साल सड़क हादसों में 197 लोगों की मौत हुई। पिछले साल 2024 में सड़क हादसे बढ़कर 679 पहुंच गए। जिसमें 612 घायल हुए। वहीं 199 लोगों की मौत का कारण सड़क हादसे बने।

**हेलमेट और सीट बेल्ट नहीं पहनने से हो रहे गंभीर एक्सीडेंट...**

108 एम्बुलेंस सेवा के मध्यप्रदेश के सीनियर मैनेजर तरुण सिंह परिहार ने बताया कि एक्सीडेंट के गंभीर मामलों में लोगों द्वारा हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करने की बात सामने आई है। हमारा सभी से निवेदन है कि नियमों का पालन करते हुए गाड़ी चलाएं। निजी वाहन की जगह एम्बुलेंस का उपयोग करें, जिसमें जीवन रक्षक उपकरण और प्रशिक्षित स्टाफ मौजूद होता है। किसी भी आपातकालीन स्थिति के लिए 108 एम्बुलेंस पर कॉल करें। हमारी संस्था एवं एम्बुलेंस कर्मचारी पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ सभी प्रकार की इमरजेंसी में आपके लिए तत्पर है।

**जुर्माना भरने को तैयार, पर हेलमेट नहीं लगा रहे...**

जिले में यातायात नियमों के पालन करने में वाहन चालक लापरवाही कर रहे हैं। सड़क से गुजरने वाली हर 10 में से 09 बाइक सवार बिना हेलमेट के ही हैं। तीन सवारी भी निकल रहे हैं तो बच्चे भी बड़े वाहन दौड़ा रहे हैं। इस कारण कई बार हादसे भी हो चुके हैं, लेकिन कोई सबक लेने को तैयार नहीं। नियमों के प्रति लोगों की लापरवाही यातायात पुलिस द्वारा की गई चालानी कार्रवाई से ही पता चल रही है। पुलिस लगातार बिना हेलमेट पहनकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई कर रही है। लेकिन लोग जुर्माना भरने को तैयार हैं, पर यातायात नियमों का पालन करने को तैयार नहीं है।



**इंदौर में सबसे ज्यादा, नीमच में सबसे कम...**

पूरे देश में स्वच्छता के मामले में नंबर वन इंदौर सड़क हादसों के मामले में भी पूरे एमपी में नंबर वन है। साल 2024 में इंदौर में कुल 6,075 सड़क हादसे हुए हैं। 2023 में इनकी संख्या 5,714 थी। प्रदेश के अन्य शहरों की बात की जाए तो भोपाल दूसरे, जबलपुर तीसरे और ग्वालियर चौथे नंबर पर है। यहां क्रमश: 5,390, 4148, 3,092 सड़क हादसे हुए हैं। जानकारों के अनुसार सड़क हादसों का मुख्य कारण ओवर स्पीड, ब्लाइंड स्पॉट और ड्राइविंग सेंस का कम होना है। पिछले साल से तुलना की जाए तो इस साल प्रदेश में 5679 कम सड़क हादसे हुए हैं। 108 एम्बुलेंस के डेटा के अनुसार मध्य प्रदेश के 51 जिलों में साल 2024 में कुल 1 लाख 26 हजार 015 सड़क हादसे हुए हैं। वहीं साल 2023 में कुल 1 लाख 31 हजार 694 सड़क हादसे हुए हैं। प्रदेश में सबसे कम सड़क हादसे हरदा, नीमच व डिंडोरी में हुए हैं।




## जागरुक करने के लिए रवाना हुआ रथ, गीतों के माध्यम देगा संदेश

**मंदसौर, 18 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। मंदसौर में सड़क सुरक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत की गई है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के निर्देशानुसार, जनवरी माह में विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस कड़ी में मंदसौर के पुलिस कप्तान अभिषेक आनंद ने शनिवार को पुलिस पेट्रोल पंप से एक विशेष सड़क सुरक्षा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।**

यह रथ सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न जागरूकता पोस्टर्स से सजाया गया है और शहर के विभिन्न हिस्सों में जाकर जागरूकता गीतों के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करेगा। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गौतम सोलंकी, नगर पुलिस अधीक्षक सतनाम सिंह, जिला परिवहन अधिकारी वीरेंद्र यादव, यातायात थाना प्रभारी मनोज सोलंकी और कोतवाली प्रभारी पुष्पेंद्र राठौर सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।यह पहल जिले में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और दुर्घटनाओं को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिले के सभी थानों में इस माह विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## घोड़ीदाना खेलते 6 गिरफ्तार, कई फरार

**सुवासरा, 18 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** थाना क्षेत्र के गांव ढोढर के जंगल मे पिछले 15 दिनो से चल रहा था घोड़ी दाने का जुआ। शनिवार को सुवासरा पुलिस ने शाम करीब 5 बजे गांव ढोढर में घोड़ी दाने के अड्डेपर दबिश देकर मौके से 6 लोगों को पकड़ा। इनके पास से बाइक, नगदी एवं मोबाइल जप्त कर थाने पर लाए। इनमें से दो जुआरियो से कथित गांधी छाप लेकर बाईपास कर दिया।

खबर लिखे जाने तक बाकी चार लोगों से तोड़ बट्टेमे स्थानीय पुलिस लगी थी। जिसने राजस्थान के दो लोगों से तोड़बट्टेके लिये करीब 30 हजार की डिमांड की। जिस पर जुआरियो के सहयोगियों ने पैसे देने से मना कर दिया। हालांकि जुआरियो के विरुद्ध खबर लिखे जाने तक कोई मामला दर्ज नहीं हुआ था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मौके से कई जुआरी फरार हो गए। मौके से पकड़े गए जुआरियो से पुलिस ने मोटी रकम जप्त की है। पिछले 15 दिनों से चल रहे इस घोड़ी दाने के जुए की खबर सुवासरा थाना प्रभारी को थी। लेकिन, 15 दिनों में जो कार्रवाई की गई वो भी नाम मात्र की। पुलिस की इस करवाई से नगर में चर्चा का दौर शुरू हो गया हैं..!

## एमपी में जनता दरबार में जाने से पहले करना होगा यह काम, सीएम हेल्पलाइन नंबर से मिलेगी एंट्री

**भोपाल, 18 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने राज्य में सीएम जन दर्शन या जनता दरबार लगाने की बात कही थी। इसके लिए 6 जनवरी को तैयारियां भी पूरी कर ली गई थीं, लेकिन उस दिन जनता दरबार नहीं लगा था। अब जनता दरबार में जनता की पहुंच बढ़ाने के लिए अधिकारियों ने बताया है कि कैसे सीएम से मिलकर अपनी शिकायत की जा सकती है। उनका कहना है कि जनता दरबार को सीएम हेल्पलाइन के साथ एकीकृत किया जाएगा।

दरअसल, जनता दरबार में भाग लेने के लिए, शिकायतकर्ता पहले मौजूदा सीएम हेल्पलाइन सिस्टम के माध्यम से अपनी शिकायतें दर्ज करेंगे। पोर्टल में एक नया विकल्प जोड़ा जाएगा, जिससे शिकायतकर्ता सीएम से मिलने का अनुरोध कर सकेंगे। इसके बाद अधिकारियों द्वारा शिकायतों की जांच की जाएगी और चुने गए व्यक्तियों को जनता दरबार के दौरान सीएम से मिलने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।





## अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही

**पुलिस, राजस्व विभाग तथा नप की टीम ने मिलकर शहर के लगभग 100 से अधिक अवैध अतिक्रमण को हटाया**

**सीतामऊ, 18 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। नगर की सड़क किनारो एवं चौराहो पर अतिक्रमणधारियो द्वारा अवैध अतिक्रमण कर स्थान अतिक्रमण से घिरे हुए है जिस कारण नगर मे आये दिन दुर्घटनाएँ तथा ट्रैफिक जाम की समस्या से आमजन मानस को काफी परेशानी होती है।**

उक्त अतिक्रमण के सम्बन्ध मे श्रीमति कलेक्टर महोदया मन्दसौर तथा श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय मन्दसौर के निर्देशानुसार सीतामऊनगर मे लगातार दो दिन तक सीतामऊपुलिस, राजस्व विभाग तथा नगर परिषद की टीम ने मिलकर सीतामऊनगर से लगभग 100 से अधिक स्थानो पर अतिक्रमणकारियो के विरुद्ध प्रभारी कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण को हटाया गया । अतिक्रमण की इस कार्यवाही के बाद नगर स्वच्छ तथा साफ दिखकर ट्रैफिक जाम की स्थिती से भी लोगो को राहत मिली है। आगे भी इस प्रकार की अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही जारी रहेगी।

## कार में रखा पांच लाख रुपये से भरा बेग चोरी

**रतलाम, 18 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** रतलाम जिले में चोरी व लूट की वारदातें बढ़ती जा रही है। पिछले 15 दिन में चोरी की पांच तथा लूट की दो वारदाते हो चुकी हैं। वहीं रविवार सुबह करीब 8:15 बजे जिले के ग्राम बाजना में अज्ञात चोर किराना व्यापारी की वेन (कार) में रखा करीब पांच लाख रुपए से भरा झोला चुराकर भाग निकले।

एक राहगीर ने बाइक पर सवार दो व्यक्तियों को झोला लेकर जाते हुए देखा है। व्यापारी ने आसपास बदमाशों की तलाश की लेकिन उनका पता नहीं चला। जानकारी के अनुसार थोक किराना व्यापारी गजेंद्र कोठारी निवासी नई आबादी बजाना ने सुबह 8:10 से 8:15 बजे के बीच व्यापारियों को रुपया देने के लिए झोले में करीब 5 लाख रुपए झोले में रखे थे। इसके बाद झोला वेन में रख कर वे कुशलगढ़ रोड स्थित अपने गोदाम पर पहुंचे थे। वे गोदाम के बाहर वेन खड़ी करके कुरकुरे के पैकेट लेने गोदाम पर गए थे। कुछ देर बाद वे वापस वेन के पास पहुंचे तो पीछे के एक गेट का कांच खुला हुआ था तथा झोला गाड़ी में नहीं था।

**दो लोगों ने कार से निकाला बैग-** व्यापारी कोठारी ने बताया कि वेन के गेट का कांच खोलकर चोर रुपयों से भरा बैग लेकर भाग निकले। उन्होंने आसपास देखा तथा .. **शेष पेज 4 पर**

## ड्राइवर को पीटा, 2 पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 18 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज किया। महागढ जिला नीमच निवासी सुरेन्द्रसिंह ने पिपलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मैं कनघट्टी शराब दुकान के वाहन की ड्राइवरी करता हूं, शराब की दुकान पर कनघट्टी निवासी कमलसिंह पिता प्रेमसिंह राजपूत व रविसिंह पिता सुरेन्द्रसिंह शक्तावत गाली-गलौज कर रहे रहे थे। मना किया तो दोनों ने गाली-गलौज कर मारपीट का पुलिस ने दोनों पर केस दर्ज किया।

## मकान की दिवार को लेकर हुई थी ईट-भाटा जंग, 6 पर क्रास प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 18 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मकान की दिवार को लेकर चल रहे विवाद में ईट से हमला करने के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों पर क्रास प्रकरण दर्ज किया। फाटक मोहल्ला निवासी हर्षदीप पिता अवतारसिंह सिख ने पिपलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि गत् दिनों शिवम पिता सुरेश पंवार, अरुण पिता सुरेश पंवार, राजूबाई पति सुरेश नायक सहित अन्य लोगों ने मिलकर गाली-गलौज कर मारपीट की व ईंटें फेंकी जिससे मेरे माता-पिता को चोंटे आई। मकान की दिवार को लेकर चल रहे विवाद के चलते यह जानलेवा हमला किया गया। पुलिस ने तीनों आरोपियों पर केस दर्ज किया। इसी तरह राजूबाई पति सुरेश पंवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि हर्षदीपसिंह पिता अवतारसिंह, सुरेन्द्र उर्फ मीरा पति अवतारसिंह व अवतारसिंह पिता फोजासिंह ने मिलकर गाली-गलौज कर मारपीट की व धारदार हथियार से हमला किया, जिससे चोंटे आई व ईट फेंकी, जिससे चोंटे आई। पुलिस ने तीनों पर केस दर्ज किया।

## मौसम : न्यूनतम तापमान 10 डिग्री रहा



**मंदसौर, 18 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। शहर सहित अंचल में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। जिले में शनिवार को न्यूनतम तापमान 10 डिग्री और अधिकतम तापमान 22.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शुक्रवार को जेट स्ट्रीम हवाएं 287 किलोमीटर प्रति घंटे की तेज रफ्तार से चलीं, जिससे ठिठुरन में और वृद्धि हुई। सुबह 8 बजे तक घना कोहरा छाया रहा, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। शनिवार सुबह 10 बजे धूप निकली। जिससे लोगों को थोड़ी राहत महसूस हुई, लेकिन बर्फीली हवाओं के कारण ठंड का असर बना रहा। स्थानीय लोग सर्दी से बचने के लिए अलाव का सहारा लेते दिखाई दिए।**

मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दो से तीन दिनों में मौसम का यही मिजाज बना रहेगा। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव और बर्फीली हवाओं के कारण तापमान में और गिरावट की संभावना है। विभाग ने पूरे जनवरी महीने में तेज सर्दी की भविष्यवाणी की है। कोहरे का असर भी जारी रहने की संभावना है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो सकता है।

# भाजपा ने ग्रामीण क्षेत्र का जिला अध्यक्ष बनाकर कांग्रेस की दुविधाएं और बढ़ा दी

**मंदसौर/उज्जैन, 18 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा और कांग्रेस संगठनों ने लगभग एक साथ ही अपने जिला संगठनों के चुनाव की मुहिम शुरू की थी। भाजपा सत्ता में है इसलिए चुनाव कराना आसान था। कांग्रेस को संघर्ष करने के साथ ही संघर्ष करने वाला योग्य अध्यक्ष तलाशने में समय लग रहा है। विरोध में है इसलिए अनेक योग्यता धारक अध्यक्ष की दरकार है। कांग्रेस अपना जिला अध्यक्ष घोषित करती उससे पहले भाजपा ने फिर अपना अध्यक्ष ग्रामीण क्षेत्र का बनाकर कांग्रेस की दुविधा को और अधिक बढ़ा दिया है। भाजपा के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष राजीव दीक्षित मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र से आते हैं। यहां से विधायक जगदीश देवड़ा प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री हैं।

एक समय था जब कांग्रेस के जिला अध्यक्ष भी ग्रामीण क्षेत्र के बनते थे। स्वर्गीय नारायण के बाद से जिला कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण क्षेत्र का नहीं बन पाया है और ना ही कांग्रेस का वर्चस्व बढ़ पाया है। इसके उलट जब से नगरी क्षेत्र के अध्यक्ष बनते रहे, लगातार कांग्रेस का जन आधार घटता गया है। बीते 28 सालों से जिला कांग्रेस अध्यक्ष शहरी क्षेत्र से बनते आ रहे हैं। इनका ट्रैक रिकॉर्ड इतने सालों में विधायकों की संख्या से उजागर होता है। कांग्रेस का पारंपरिक विरोधी संगठन भाजपा का विधानसभा से लेकर संसद तक लगातार कब्जाता जा रहा है। उदाहरण है सुधीर गुप्ता तीसरी बार सांसद हैं और प्रत्येक चुनाव में ज्यादा अंतर से जीते हैं। दोनों दलों के संगठनों के तीन दशक का ढांचा देखें तो कारण स्पष्ट हो जाएगा।



चन्द्रमोहन भगत

इस समय अंतराल में भाजपा जिला अध्यक्ष नानालाल अटोलिया नगरी, देवीलाल धाकड़ गरोठ-भानपुरा, चंदर सिंह सिसौदिया गरोठ-भानपुरा, मदनलाल राठौर मल्हारगढ़, सभी ग्रामीण क्षेत्र के थे वर्तमान में भी राजेश दीक्षित मल्हारगढ़ क्षेत्र से हैं। बहुत ही स्पष्ट राजनीतिक दृश्य है कि भाजपा का संगठन लगातार जन आधार बढ़ाकर सरकार बनवाता रहा और शहरी अध्यक्षों के कारण कांग्रेस का जनाधार घटने के साथ विधायक भी तेजी से घटते रहे। अब फिर कांग्रेस संगठन नई पारी खेलने जा रही है, नए जिला अध्यक्षों की तलाश जारी है। प्रादेशिक अध्यक्ष, पर्यवेक्षक जिलों का दौरा कर सभी विधाओं में योग्य संगठक को तलाश रहे हैं। पर, संदेह अधिक है कि कांग्रेस का जिला अध्यक्ष योग्यता पर आधारित बनेगा या किसी क्षत्रप नेता का पट्ठा । हालांकि परसों के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और पर्यवेक्षक जयवर्धन सिंह के दौरे के बाद यह खबर छानकर निकली की जीतु पटवारी दावा कर गए हैं कि पट्ठावाद नहीं चलने देंगे। यानी जन आधार रखने वाले योग्य संगठक को ही अध्यक्ष बनाया जाएगा। फिर चाहे वह ग्रामीण क्षेत्र का ही क्यों ना हो।

प्रादेशिक नेताओं के बार-बार के दौरों से भी यही लग रहा है कि कांग्रेस संगठन जिला अध्यक्षों के चयन को बारीकी और गंभीरता से परखने के बाद ही घोषित करेंगे। राष्ट्रीय नेतृत्व भी बार-बार यही जाहिर कर रहा है कि देशभर में कांग्रेस संगठन को नए सिरे से नए ढंग से नव युवाओं को जिम्मेदारियां देकर कांग्रेस का मजबूत जन आधार तैयार किया जाकर विधायक सांसदों की संख्या बढ़ाई जाए। ऐसा हो पाएगा या नहीं भविष्य के गर्भ में है!

# 300 रुपए में मिल सकता है घरेलू गैस सिलेंडर-ग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन

## वितरण कंपनियों को बायोमेट्रिक और बारकोड प्रणाली लागू करने के सरकार दे निर्देश

**मंदसौर, 18 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** भोजन बनाने के लिए उपयोग में आने वाली गैस का होटल व्यवसाय, ऑटोरिक्शा और एलपीजी गैस वाहनों के लिए डंके की चोट पर उपयोग होने से गैस सिलेंडर की कीमत 850 से 900 रुपए तक पहुंच गई है। गैस सिलेंडर का केवल घरेलू उपयोग होने पर 300 रुपए में गैस सिलेंडर मिल सकता है। इसके लिए सरकार को सिलेंडर वितरित करने वाली कंपनियों को बायोमेट्रिक और बारकोड प्रणाली कार्यान्वित करने का निर्देश देना होगा। ऐसा दावा ग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन ने किया है। घरेलू गैस सिलेंडर सतर्कता जनजागृति अभियान के अंतर्गत गैस सिलेंडर वितरण के बारे में शुभम रंगारी, यश देशपांडे,अनिकेत मिश्रा ने प्रेस नोट में बताया कि देश में भोजन बनाने के लिए 75 प्रतिशत नागरिक घरेलू गैस और 20 प्रतिशत नागरिक चूल्हे का उपयोग करते हैं, केवल 5 प्रतिशत नागरिक बिजली पर चलने वाले इंडक्शन का उपयोग भोजन बनाने के लिए करते हैं।

ग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन का दावा किया है कि मंदसौर शहर के कई होटल है इससे सरकार का 5 से 6 करोड़ रुपए का राजस्व डूब रहा है। देश में यह आंकड़ा करोड़ों में है, गैस वितरित करने वाली कंपनियां व्यवसायियों को आसानी से घरेलू गैस बेच रही हैं, सभी व्यक्ति के लिए एक

| वर्ष | देश में बिके घरेलू गैस सिलेंडर |
|---|---|
| 1980 | 0.31 करोड़ |
| 2001 | 5.78 करोड़ |
| 2022 | 30.53 करोड़ |
| 2023 | 31.4 करोड़ |
| 2023 | 9.58 करोड़ (उज्वला गैस) |

**तेल कंपनी की खपत रिपोर्ट में घरेलू गैस सिलेंडर 89% वाणिज्यिक सिलेंडर 9.10% औद्योगिक 1.4% या ऑटो एलपीजी 0.4% है।**

साल में 12 सिलेंडर निश्चित किए हैं, लेकिन कई लोग 5 से 7 सिलेंडर का ही उपयोग करते हैं। शेष गैस सिलेंडर को वितरक बेच रहे हैं। सॉफ्टवेयर के माध्यम से सेटिंग करने से उसका मैसेज नहीं आता है।

**अनाज वितरण प्रणाली को किया जाए लागू**–उपभोक्ताओं के गैस सिलेंडर की चोरी रोकने के लिए बारकोड, क्यूआर कोड और आरएफआईडी टैग लगाना जरूरी है। बिक्री, पैकेज ट्रैकिंग की सुविधा जरूरी है। 'ट्रैक एण्ड ट्रेस' के लिए क्यूआर कोड आवश्यक है। अनाज वितरण प्रणाली की तरह गैस वितरण प्रणाली शुरू करने की आवश्यकता है।

# वैष्णव बैरागी समाज का ऐतिहासिक आयोजन 21 को नीमच में, नगर में निकलेगी तिरंगा व वाहन रैली

**मनासा, 18 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** भगवान विष्णु और उनके स्वरूपों को आराध्य मानने वाला वैष्णव सम्प्रदाय है। भगवान विष्णु के अनुयायी वैष्णव बैरागी समाज नीमच मंदसौर जिला सहित देशभर में बहुतायत में निवासरत है। वैष्णव बैरागी समाज के आराध्य श्रीश्री 1008 जगद्गुरू श्री रामानंदाचार्य जी की 726वी जन्म जयंती के शुभ अवसर पर दिनांक 21 जनवरी 2025, मंगलवार, प्रातः 9 बजे चाय नास्ता के बाद, प्रातः 11 बजे से टाउन हॉल दशहरा मैदान नीमच से वैष्णव बैरागी समाज, जिला - नीमच (म.प्र.) द्वारा विशाल शोभायात्रा एवं तिरंगा यात्रा, गुरूदेवजी की महा आरती, उद्बोधन स्वागत एवं सम्मान समारोह, महा प्रसादी का ऐतिहासिक आयोजन रखा जा रहा है। जिसमे मुख्य अतिथि ओमप्रकाश सकलेचा (पूर्व केबिनेट मंत्री एवं विधायक जावद), दिलीपसिंह परिहार (विधायक नीमच), अनिरुद्ध माधव मारू (विधायक मनासा), श्रीमती वन्दना खण्डेलवाल (भाजपा जिला अध्यक्ष), पवन पाटीदार (भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष), श्रीमती स्वाति जी चौपड़ा (नगर पालिका अध्यक्ष नीमच) व भैरूदास बैरागी (अध्यक्ष वैष्णव बैरागी समाज, जिला-नीमच) का आतिथ्य टाउन हॉल दशहरा मैदान नीमच रहेगा।

**✻नीमच में वैष्णव बैरागी समाज की ऐतिहासिक शोभायात्रा**– वाहन रैली एवं तिरंगा यात्रा प्रातः 11 बजे दशहरा मैदान से प्रारम्भ होकर विजय टॉकीज, कमल चौक, फव्वारा चौक, शौरूम चौराहा, भगवानपुरा चौराहा, मनासा नाका होते हुए नीमच सिटी, पीपली चौक से प्रताप चौक, सॉवलिया जी मंदिर, रोड़वेज बस स्टेण्ड से फव्वारा चौक होते हुए कमल चौक, विजय टॉकीज चौराहे से पुनः दशहरा मैदान पहुंचेगी। जंहा पर टाउन हॉल दशहरा मैदान नीमच में वैष्णव बैरागी समाज, जिला - नीमच द्वारा आयोजित भव्य जयंती महोत्सव मनाया जाएगा। वैष्णव बैरागी समाज, जिला- नीमच ने नीमच जिले के समस्त वैष्णव बैरागी समाजजन से अपील की है की श्री जगद्गुरू रामानंदाचार्य जी की जन्म जयन्ती महोत्सव कार्यक्रम में पधार कर अनुगृहित करें।

# पीड़ित मानवता की सेवा में लायंस क्लब गोल्ड का प्रयास सराहनीय-जैल अधीक्षक



**मंदसौर, 18 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** लायंस क्लब मंदसौर गोल्ड द्वारा इस सत्र में सेवा और संस्कार की भावनाओं के अंतर्गत बहु चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर जिला जेल परिसर में लगाया गया। शिविर का शुभारंभ जिला जेल अधीक्षक श्री पीके सिंह द्वारा किया गया। विशेष अतिथि के रूप में जेलर आर के विश्वकर्मा, डॉ रोहित हरगोड उपस्थित थे।

अतिथियों द्वारा लॉयन्स क्लब गोल्ड के प्रयासों प्रशंसा की। जेल अधीक्षक श्री सिंह ने कहा कि लायंस क्लब गोल्ड द्वारा विभिन्न शिविरों के माध्यम से पीड़ित मानवता की सेवा के जो प्रयास किये जा रहे है वह सराहनीय है। शिविर में चिकित्सा टीमो द्वारा निशुल्क सेवा दी जिसमें निरुद्ध बंदियों ,जेल प्रबंधन द्वारा लाभ लिया गया। शिविर के दौरान रोगियों को स्व नीलेश गर्ग की स्मृति में गर्ग परिवार द्वारा निःशुल्क चश्मे एवं दवाइयों का वितरण किया। शिविर में नेत्र रोग हेतु लाभमुनि नेत्र चिकित्सालय एवं रिसर्च सेंटर की टीम ,शुगर एवं रक्तचाप हेतु अनुयोग हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर की टीम, दंत रोग हेतु डॉ कपिल जैन, डॉ प्रियांशी जैन, जिला टीबी विभाग ने अपनी सेवाएं दी। विशेषज्ञ चिकित्सकों के सहयोग से लगाये गए इस शिविर में लाभार्थियों ने अपने नेत्र, शुगर, रक्तचाप, दंत, टीबी सहित अन्य बीमारियों की जांच करवाई। जांच के दौरान चयनित मोतियाबिंद ग्रसित नागरिकों का श्री लाभ मुनि नेत्र चिकित्सालय द्वारा निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। स्वागत भाषण क्लब अध्यक्ष सीए सिद्धार्थ अग्रवाल ने दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक लायन विजय पलोड़, लायन रितेश गर्ग, सचिव मनोज सेवानी, कोषाध्यक्ष लायन विनोद उकावत, समाजसेवी अनिल संगवानी, संजय जैन आदि उपस्थित थे। आभार क्लब सचिव मनोज सेवानी ने माना।

# मंदसौर में दशपुर दंगल प्रतियोगिता का आयोजन आज

### मप्र व राजस्थान के 56 महिला व पुरुष पहलवान लेंगे भाग, 28 कुश्ती होगी

**मंदसौर, 18 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। इंडियन स्टाइल कुश्ती संघ के तत्वावधान में मंदसौर में दशपुर दंगल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन पहली बार आज दिनांक 18 जनवरी, रविवार को किया जा रहा है। जिसमें पुरूष के साथ ही महिला पहलवान द्वारा भी अपनी कुश्ती प्रतिभा का प्रदर्शन किया जाएगा। प्रतियोगिता हेतु सभी आवश्यक तैयारियां की गई है।**

उक्त जानकारी देते हुए इंडियन स्टाइल कुश्ती संघ के जिलाध्यक्ष सरदार कुणाल श्रीवास्तव ने बताया कि यह दशपुर दंगल प्रतियोगिता का आयोजन संजय गांधी उद्यान में होगा जिसका शुभारंभ दोप. 3 बजे जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में पुरूषों की विभिन्न वजनो में 20 कुश्ती एवं महिलाओं की विभिन्न वजनों में 8 कुश्ती प्रतियोगिताएं होगी। इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश व राजस्थान के विभिन्न अखाड़ों के 56 पहलवान भाग ले रहे है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी पहलवानों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही समस्त अखाड़ों के उस्ताद एवं गणमान्य नागरिकों का सम्मान भी किया जाएगा। इंडियन स्टाइल कुश्ती संघ के जिलाध्यक्ष सरदार कुणाल श्रीवास्तव ने नगर के कुश्ती प्रेमियों से प्रतियोगिता में उपस्थित होकर पहलवानों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।



# कुमारीज़ के संस्थापक पिताश्री ब्रह्माबाबा का स्मृति दिवस विश्व स्तर पर मनाया

**नीमच, 18 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** अन्तर्राष्ट्रीय शांतिदूत ब्रह्माकुमारी संस्थान के संस्थापक पिताश्री ब्रह्माबाबा ने आध्यात्मिक रूप से संपूर्णता को प्राप्त कर 18 जनवरी-1969 को देह त्याग किया था। उनके स्मृति दिवस को संसार के 150 से अधिक देशों में विश्व शांति दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष उनके 56 वें स्मृति दिवस को सारे विश्व में फैले ब्रह्माकुमारीज़ के हजारों सेवाकेन्द्रों द्वारा गहन मौन तपस्या एवं दिव्य सत्संग के विशाल आयोजन कर मनाया गया। इसी श्रंखला में संस्थान के नीमच सबझोन एरिया के नीमच, नीमच सिटी, बघाना, मनासा, रामपुरा, जावद, जीरन, मल्हारगढ़, पिपलिया मण्डी व नारायणगढ़ सेवाकेन्द्रों के साथ ही अनेक ग्रामीण केन्द्रों पर भी ब्रह्मा बाबा का 56वां स्मृति दिवस मनाया गया।

इस विशेष आध्यात्मिक कार्यक्रम की शुरूआत ब्रह्ममुहुर्त अमृतवेला 3.30 बजे से ही सामुहिक राजयोग ध्यान तपस्या से हुई, जिसमें भारी ठंड होने के बावजूद 3.30 बजे से ही 50 से अधिक ब्रह्मावत्सों ने भाग लिया। तत्पश्चात प्रातः 6 से 11 बजे तक लगातार चले कार्यक्रम में राजयोग मेडिटेशन, ईश्वरीय महावाक्यों की मुरली क्लास, प्रातः कालीन भोग के पश्चात उपस्थित 500 से अधिक ब्रह्मावत्सों को विशेष गाजर का दूध तथा चार प्रकार के फल वितरित किये गए। राजयोगिनी बी.के.सविता दीदी के संबोधन के बाद परमात्मा शिव को महाभोग स्वीकार करवाया गया। तत्पश्चात ब्रह्माबाबा के चरित्र दर्शन पर संस्थान के एरिया डायरेक्टर बी.के. सुरेन्द्र भाई ने अपने अनुभव युक्त संस्मरण सुनाऐ तथा रनिंग कॉमेन्ट्री द्वारा राजयोग तपस्या में परम शांति की अनुभूति कराई गई। कार्यक्रम के अन्त में उपस्थित सभी सैकड़ों ब्रह्मावत्सों को महाभोग प्रसादी वितरित की गई। कार्यक्रम का संचालन बी.के.श्रुति दीदी ने किया।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत जावद में 2 फरवरी को सामुहिक विवाह सम्मेलन

**नीमच, 18 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चन्द्रा के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 2 फरवरी 2025 को सामुहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन विकासखंड मुख्यालय जावद पर किया जाना प्रस्तावित है।

जनपद जावद के सी.ई.ओ. श्री आकाश धार्वे ने क्षैत्र के सभी सरपंचों, सचिवों, सहायक सचिवों को निर्देशित किया है, कि वे अपनी-अपनी ग्राम पंचायत अंतर्गत निवासरत पात्र कन्या ओं का चिन्हांकन कर इस संबंध में अभिभावकों को सामुहिक विवाह योजना व सम्मेलन के बारे में अवगत करवाए तथा पात्र कन्याओं के आवेदन तैयार करवाकर 28 जनवरी 2025 तक जनपद कार्यालय में शाखा प्रभारी को प्रस्तुत कर आवेदन ऑनलाईन करवाना सुनिश्चित करे। आवेदन के साथ आवश्यक दस्तोवेज वर-वधू के पासपोर्ट फोटो दो-दो, वर-वधू की आयु सत्यापन हेतु अंकसूची, वधू का म.प्र. का मूल निवासी प्रमाण-पत्र, वर-वधू की समग्र आईडी, वर-वधू के आधारकार्ड, राशनकार्ड, मतदाता परिचय पत्र, कल्याणी, विधवा होने की स्थिति में पूर्व पति का मृत्यु प्रमाण पत्र, परित्यक्तरता महिला होने की स्थिति में कानूनी रूप से तलाक होने का न्यालयीन आदेश, निर्माण श्रमिक योजना अंतर्गत पंजीकृत होने की स्थिति में श्रमिककार्ड की प्रति के साथ आवेदन किया जा सकता है।



# स्वामित्व कार्ड वितरण व लाभार्थियों से लाइव संवाद कार्यक्रम सम्पन्न

**बादपुर/बूढ़ा, 18 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** स्वामित्व योजना अंतर्गत मान. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा देशभर में लगभग हजारों गाँवों मे लाखो स्वामित्व कार्ड वितरण योजना के लाभार्थी हितग्राहियों को कार्ड वितरण किया गया इसी कड़ी मे प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण व लाभार्थियों को योजना अंतर्गत स्वामित्व कार्ड वितरण मल्हारगढ़ तहसील की बड़ी व स्वच्छ पंचायतो मे शुमार ग्राम पंचायत बूढ़ा मे किया गया।

जिसमें हितग्राही माणकलाल टेलर, बाबूलाल सूर्यवंशी, रऊफ़ खान पठान,शहजाद खान व अन्य करीब 50 से ज्यादा पात्र ग्रामीण पुरुष व महिला लाभार्थियों को स्वामित्व योजना के अंतर्गत कार्ड वितरण किये गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति श्रीमती ज्योति बाला संजय रतनावत,ग्राम पंचायत सरपंच महोदय श्रीमती विष्णु कुँवर राजेश पाटीदार,जनपद सदस्य सत्यनारायण पाटीदार,रहे। वही ग्रामीणजनो व शासन के अधिकारियो मे रामलाल परिहार पी सी ओ,विष्णुलाल पाटीदार सचिव, मूलचंद पाटीदार पटवारी, अरविन्द जैन मोहित शर्मा,राकेश गुप्ता सहायक सचिव, पियूष पाटीदार गोपाल दास बैरागी, गोपी जैन,माणक लाल,रईस मंसूरी, दीपक पाटीदार सहित कई महिला हितग्राही, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आशा कार्यकर्त्ता सहित कई ग्रामवासी, व लाभार्थी कार्यक्रम मे उपस्थित थे वही कार्ड वितरण कार्यक्रम का संचालन वार्ड क्रमांक 2 के पंच प्रतिनिधि सुनील राठौर आभार सरपंच प्रतिनिधि राजेश पाटीदार द्वारा माना।

# सौ दिवसीय निक्षय एवं आयुष्मान अभियान में एक सप्ताह में प्रगति लाए-चंद्रा

### कलेक्टर ने न्यून प्रगति वाले सीएचओ पर कार्यवाही के दिए निर्देश, सौ दिवसीय निक्षय एवं आयुष्मान अभियान की समीक्षा

**नीमच, 18 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिले में टी.बी.मुक्त भारत अभियान के तहत चलाए जा रहे सौ दिवसीय निक्षय अभियान एवं आयुष्मान भारत अभियान के तहत सभी सीएचओ एक सप्ताह में प्रगति लाए। बहुत ही कम प्रगति वाले सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाए। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चन्द्रा ने 100 दिवसीय निक्षय अभियान एवं 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुर्जगों के आयुष्मान कार्ड बनाने के अभियान की प्रगति की समीक्षा बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.दिनेश प्रसाद को दिये।

कलेक्टर श्री चन्द्रा ने टाउनहाल नीमच में शनिवार को आयोजित स्वास्थ्य विभाग की बैठक में आयुष्मान आरोग्य मंदिर वार अभियान की विस्तार से समीक्षा की और निक्षय आई.डी. बनाने में लापरवाही बरतने वाले सीएचओ के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने निर्देश दिए, कि आगामी एक सप्ताह में आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर विशेष शिविर आयोजित कर क्षय रोग के प्रति संवेदनशील लोगो का



स्वास्थ्य परीक्षण करे तथा उनकी निक्षय आई.डी. बनाए। साथ ही ओ.पी.डी. में आने वाले मरीजो की भी स्क्रिनिंग सुनिश्चित करे। उन्होने निर्देशित किया, कि 30 जनवरी के पश्चात इन दोनो अभियानों की प्रगति की पुनः समीक्षा की जावेगी। जिसमें न्यूनतम प्रगति पाये जाने पर संबंधित सी.एच.ओ. के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जावेगी। कलेक्टर ने 70 से अधिक आयुवर्ग के आयुष्मान कार्ड की प्रगति की समीक्षा में निर्देश दिये कि शेष हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड 30 जनवरी तक बनाककर लक्ष्य पूर्ण करे। इस अवसर पर कलेक्टर ने अच्छा कार्य करने वाले सी.एच.ओ. की प्रशंसा भी की तथा उनके अनुभव भी साझा किये। बैठक में एडीएम श्रीमती लक्ष्मी् गामड़, जिला पंचायत सीईओ श्री अरविन्द डामोर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा.दिनेश प्रसाद,जिला क्षय अधिकारी डा.मनीष यादव, सभी खण्ड चिकित्सा अधिकारी, सीएचओ एवं स्वास्थ्य विभाग का अमला भी उपस्थित था।

# सशिमं में सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न

**नगरी, 18 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** बच्चों में संस्कारों का होना बहुत ज़रूरी है क्योंकि ये उनके व्यक्तित्व और चरित्र को आकार देते हैं। संस्कारों से ही बच्चों को जीवन जीने का तरीका पता चलता है। संस्कारों से ही बच्चों में नैतिक बल बढ़ता है। उक्त बात पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने नगर के सशिमं में वार्षिकोत्सव आयोजन केदोरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित छात्र छात्राओं एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहीं नगर परिषद अध्यक्ष संगीता बग्गड़, सुनिल सोनी, रविन्द्र पाण्ये, रामप्रताप वाकतरिया एवं स्कूल समिति अध्यक्ष रामेश्वर नायमा भी अतिथि के रूप में मंचासीन रहे। अतिथि परिचय विद्यालय समिति संयोजक घनश्याम बग्गड़ ने करवाते हुए अतिथियों का स्वागत किया। प्रधानाचार्य श्रीराम बंबोरिया ने स्वागत भाषण देते हुए विद्यालय की अकादमिक एवं अन्य गतिविधियों के संबंध में जानकारी दी। सांस्कृतिक मंच पर स्कूल के छात्र छात्राओं ने धार्मिक, देशभक्ति एवं राजस्थानी गीतों पर आकर्षक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम का संचालन आचार्य दिनेश पपोंडिया ने एवं आभार प्रधानाचार्य श्रीराम बंबोरिया ने माना।



# स्वामित्व योजना, गांवों को विकास का मजबूत केंद्र बनाएगी-प्रधानमंत्री

### प्रधानमंत्री द्वारा प्रदेश के 15.63 लाख हितग्राहियों को सम्पत्ति कार्ड वितरीत



**नीमच, 18 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** स्वामित्व योजना देश व प्रदेश के गांवों को विकास का मजबूत केंद्र बनाएगी। सरकार ग्राम स्वरराज को मूर्तरूप देने का प्रयास कर रही है। देश में लैण्डव रिकार्ड का डिजीटीकरण किया जा रहा है। अबतक 23 करोड़ से अधिक भू-आधार जारी किए गऐ हैं। भूमि के 98 प्रतिशत डीजीटल नक्शे उपलब्ध है। यह बात प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को स्वामित्व योजना के तहत आयोजित केंद्रीय कार्यक्रम को वर्चुअली सम्बोधित करते हुए कही। इस कार्यक्रम का राज्य्, जिला स्तर, उपखण्ड व पंचायत स्तर पर भी सीधा प्रसारण किया गया। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में राज्य स्तरीय कार्यक्रम सिवनी तथा जिला स्तरीय कार्यक्रम टाउनहाल नीमच में आयोजित किया गया।

विधायक श्री दिलीप सिह परिहार, कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड़, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मनीषा धाकड़ की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में अतिथियों ने प्रतीक स्व रूप स्वामित्व योजना के 12 लाभार्थियों को अधिकार अभिलेख (सम्पमत्ति कार्ड) वितरित किए। विधायक श्री परिहार ने अपने उदबोधन में स्वामित्वा योजना के सफल क्रियान्वयन पर उपस्थितजनों और लाभार्थियों को शुभकामनाएं दी। स्वामित्व योजना के केंद्रीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने म.प्र.के सिवनी, राजस्थान के श्री गंगानगर, महाराष्ट्रत के नागपुर एवं जम्मू काश्मीर के साम्बा जिले में उपस्थित लाभार्थियों से वर्चुअली संवाद कर सम्परति कार्ड मिलने से हुए लाभ और लाभार्थियों के जीवन में इससे आए बदलाव की जानकारी ली। प्रारंभ में विधायक श्री परिहार एवं अतिथियों ने मॉ सरस्व ती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभांरभ किया। एसडीएम डॉ.ममता खेडे, संयुक्त् कलेक्टर सुश्री प्रीती संघवी, तहसीलदार श्री यशपाल मुजाल्दा, श्री प्रेमशंकर पटेल, नायब तहसीलदार सुश्री मोनिका जैन, सुश्री प्रियंका आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री अरविंद डामोर, सांसद प्रतिनिधि श्री वीरेन्द्रश पाटीदार, जनपद सदस्य श्री रतनलाल मालावत, श्री नीलेश पाटीदार सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्यज नागरिक, पत्रकारगण, बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं स्वारमित्वत योजना के लाभार्थी उपस्थित थे। आभार सुश्री प्रीती संघवी ने माना। कार्यक्रम का संचालन श्री अर्जुन सोलंकी ने किया।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 26 | 2010 | 2320 |
| उडद | 21 | 5280 | 6080 |
| सोयाबीन | 2369 | 3760 | 4340 |
| गैहु | 931 | 2900 | 3221 |
| चना | 58 | 5601 | 6140 |
| मसुर | 41 | 5601 | 6011 |
| धनिया | 128 | 5099 | 7650 |
| लहसुन | 0000 | 10000 | 21900 |
| मैथी | 226 | 4201 | 5689 |
| मुंगफली | 818 | 4000 | 4851 |
| अलसी | 1060 | 5741 | 6190 |
| सरसो | 205 | 5405 | 5710 |
| तारामीरा | 1 | 4780 | 4780 |
| इसबगोल | 43 | 8100 | 12431 |
| प्याज | 7000 | 500 | 2025 |
| कलोंजी | 2 | 12300 | 15700 |
| तुलसी बीज | 0000 | 0000 | 0000 |
| डॉलर | 8 | 7101 | 9804 |
| तिल्ली | 23 | 8501 | 10960 |
| जौ | 65 | 2705 | 2706 |
| मटरसुखी | 0000 | 0000 | 0000 |
| असालीया | 35 | 8801 | 11800 |
| चियाबीज | 14 | 13800 | 16800 |


**क्षेत्रीय कार्यालय, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, उज्जैन**

**✻ लोक सुनवाई की आम सूचना ✻**

सर्व सबंधितों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आकलन अधिसूचना क्रमाक एस.ओ. 1533 दिनांक 14.09.2006 के प्रावधानों के अन्तर्गत M/s Jai Mata di Fertilizer, Prop: Shri Ghanshyam Patidar, Stone (Gitti) Quarry & M-Sand, Kh. No. 36, Area 2.00 Hect. Production Capacity Stone (Gitti) Quarry: 5,000 Cum/Annum & M-Sand: 10,000 Cum/Annum at Village Arnya Gurjar, Tehsil & Distt. Mandsaur (M.P.) के लिए भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुक्रम में लोक सुनवाई कराने हेतु म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त खदान परियोजना से संबंधित परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अंग्रेजी में साफ्ट कापी सहित का अवलोकन (1) कार्यालय कलेक्टर मंदसौर (2) कार्यालय जिला पंचायत, मंदसौर (3) कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र मंदसौर (4) कार्यालय ग्राम पंचायत लाऊखेडी तहसील एवं जिला मंदसौर (5) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड क्रमांक-3, राजयोग भवन के पास ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल (6) म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण परिसर ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल एवं (7) क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड 17, भरतपुरी उज्जैन में कार्यालयीन समय में किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की बेवसाइड www.mppcb.nic.in पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त प्रस्तावित परियोजना के पर्यावरणीय विषय के सबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड उज्जैन जिला उज्जैन (म.प्र.) के कार्यालय में लिखित रूप से कार्यालयीन समय में प्रस्तुत की जा सकती है। इस प्रस्तावित खदान परियोजना के लिए दिनांक 19.02.2025 को समय दोपहर 03.00 बजे से लोक सुनवाई स्थान- ग्राम पंचायत लाऊखेडी तहसील एवं जिला मंदसौर में आयोजित की जायेगी, जिसमे भी सुझाव, विचार, टीका/टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

क्षेत्रीय अधिकारी, उज्जैन

# सेवानिवृत्त जिला सहकारी बैंक के सहायक प्रबंधक के पास करोड़ों की अनुपातहीन संपत्ति मिली

## सेवाकाल के 34 साल में 70 लाख वेतन मिला और संपत्ति 6 करोड़ से अधिक की





**उज्जैन, 18 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** आय से अधिक संपत्ति के मामलें में आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (एजथ) उज्जैन ने शनिवार को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित के सेवानिवृत्त सहायक प्रबंधक अनिल सुहाने के बसंत बिहार निवास पर छापा मारी की है। इसमें करोडों की अनुपातहीन संपत्ति उजागर हुई है। सुहाने को पूरे 34 साल के सेवा काल में 70 लाख का वेतन दिया गया और उनके पास 6 करोड से अधिक की संपत्ति मिली है। अभी 3 बैंक लॉकर खोले जाना शेष है।कई बैंक अकाउंटस जिनमें जमा राशि की जानकारी ली जा रही है। देर शाम तक ईकाई की कार्रवाई जारी थी जिसमें और भी संपत्ति का खुलासा होने की संभावनाएं बनी हुई है।

इसी माह भारतीय पुलिस सेवा काडर में शामिल हुए आर्थिक अपराध प्रकोष्ठउज्जैन ईकाई एसपी दिलीप सोनी के अनुसार इकाई को मिली गोपनीय सूचना का सत्यापन किया गया। अनिल सुहाने के विरूद्ध आय से अधिक संपत्ति के आरोप प्रमाणित पाए जाने पर उनके विरूद्ध धारा 13(1)बी 13(2) भ्रष्टचार निवारण अधिनियम 1988 संशोधित 2018 के तहत प्रकरण कायम किया गया है। शनिवार को पुख्ता जानकारी के साथ ईकाई ने आरोपी अनिल सुहाने के निवास बी 2/20 बसंत विहार उज्जैन एवं अन्य भवन- ए 3/8 बसंत विहार कालोनी इंदौर रोड उज्जैन पर दो टीम ने एक साथ छापे की कार्यवाही की ,जिसमें करोड़ों की संपत्ति का खुलासा हुआ है। आरोपी द्वारा यह संपत्ति शासन की विभिन्न कृषि ऋण योजनाओं में आने वाली राशि वितरण में अनियमितता एवं भ्रष्टचार करकेअर्जित किया जाना सामने आ रहा है। श्री सोनी ने बताया कि मौके पर अभी दोनों टीमों की कार्यवाही देर शाम तक जारी है। कार्यवाही के दौरान और अधिक संपत्ति मिलने की संभावना है। इओडब्ल्यू इकाई उज्जैन के उप पुलिस अधीक्षक संदीप निगवाल के नेतृत्व में 30 सदस्यीय दल द्वारा उपरोक्त कार्यवाही की जा रही है।

ये संपत्ति मिली- 1. उज्जैन के पॉश इलाका बसंत विहार कालोनी में आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित एक तीन मंजिला आलीशान भवन 2. बसंत विहार में ही इन्दौर उज्जैन मेन रोड पर 2400 वर्गफीट का चार मंजिला नवनिर्मित व्यवसायिक भवन 3. उज्जैन स्थित क्षिप्रा विहार में 2300 वर्गफीट का एक बेशकीमती प्लाट 4. विनय नगर में 650-650 वर्गफीट के 2 प्लाट। 5. शहर के मध्य दवा बाजार में 600-600 वर्गफीट की 02 दुकानें 6. 9 लाख से अधिक नकद राशि 7. लाखों रूपए के सोने एवं चांदी के आभूषण 8. 3 चौपहिया वाहन एवं 3 दो पहिया वाहन 9. 3 बैंक लॉकर जो खोले जाना शेष है। 10. कई बैंक अकाउंटस जिनमें जमा राशि की जानकारी प्राप्त की जा रही हैं।

**वेतन मिला 70 लाख,संपत्ति 6 करोड से अधिक–**श्री सोनी के अनुसार अनुपातहीन संपतित् के मामले में आरोपी बनाए गए अनिल सुहाने मूल रूप से जिला पन्ना के रहने वाले हैं। सन् 1991 में जिला सहकारी बैंक नई सडक उज्जैन में सब इंजिनियर के पद पर नियुक्त हुए और 3 हजार प्रतिमाह के वेतन से नौकरी की शुरूआत की थी। वे 31दिसंबर 24 को सहायक प्रबंधक जिला सहकारी बैंक उज्जैन के पद से सेवा निवृत्त हुए है। नौकरी के दौरान उन्हें कुल 70 लाख रू का वेतन प्राप्त हुआ है। ईकाई के छापे में उनके पास अब तक जो संपत्ति पाई गई है उसकी कीमत 6 करोड से भी अधिक है। आरोपी द्वारा यह संपत्ति शासन की विभिन्न कृषि ऋण योजनाओं में आने वाली राशि वितरण में अनियमितता एवं भ्रष्टचार करके अर्जित किया जाना ज्ञात हुआ है।

**एसपी श्री सोनी आईपीएस काडर में शामिल–** आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ उज्जैन ईकाई के एसपी दिलीप सोनी को भारतीय पुलिस सेवा काडर में शामिल किया गया है। इस आशय के आदेश केंद्र ने 6 जनवरी को जारी किए हैं। उन्हें वर्ष 2016 बेच दिया गया है। भविष्य में उन्हें वरिष्ठता के क्रम से 2015 बेच दिया जाना तय है। श्री सोनी वर्ष 1997 से प्रदेश पुलिस सेवा में शामिल हुए थे। श्री सोनी ने वर्ष 1997 में राज्य पुलिस सेवा में छतरपुर जैसे आपराधिक जिले से अपने सेवा काल की शुरूआत की । वहां प्रशिक्षण अवधि पूरी करने के बाद वे एसडीओपी गुना,इंदौर सहित अन्य जिलों में रहे। बाद में एएसपी इंदौर, एएसपी क्राईम इंदौर, एसपी लोकायुक्त इंदौर एसपी नारकोटिक्स इंदौर, लोकायुक्त एसपी उज्जैन, ईओडब्ल्यू एसपी उज्जैन हैं।वे सहपत्निक पुलिस में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

# लोकायुक्त पुलिस को मिली सौरभ की 50 से अधिक बेनामी संपत्ति

**भोपाल, 18 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** पूर्व परिवहन आरक्षक सौरभ शर्मा और उसके करीबी चेतन सिंह गौर के यहां लोकायुक्त छापे में मिले दस्तावेजों को खंगाल रही लोकायुक्त पुलिस को 50 से अधिक बेनामी संपत्तियों का पता लगा है। इनमें अधिकतर जमीनें होने की जानकारी है। जिनके नाम संपत्ति है, उनसे पुलिस पूछताछ कर रही है। इसके बाद इन संपत्तियों को बेनामी घोषित किया जाएगा। इसके साथ ही, दुबई में भी सौरभ की संपत्ति का पता लगाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

**कई किरदार गायब–**लोकायुक्त पुलिस अभी तक चेतन सिंह गौर और सौरभ की मां उमा शर्मा से पूछताछ कर पाई है। मामले में कई किरदार अभी गायब हैं। सौरभ के नजदीकी रिश्तेदार भी पुलिस के रडार पर हैं। चेतन ने पहले पुलिस और आयकर विभाग को पूछताछ में बताया था कि सौरभ ने उसके नाम से फिशरीज का ठेका और पेट्रोल पंप लिया था।

**कार में 54 किलो सोना मिला था–**लोकायुक्त छापे के अगले दिन जिस कार में 54 किलो सोना और 10 करोड़ रुपये नकद मिले थे, वह भी चेतन के नाम थी, पर उसने बताया था कि कार का उपयोग सौरभ और उसके कार्यालय के लोग कर रहे थे। दुबई में भी बेनामी संपत्ति होने और अतिरिक्त बैंक लाकरों के संबंध में लोकायुक्त पुलिस को सौरभ से पूछताछ के बाद जानकारी मिलने की संभावना है। लोकायुक्त छापे के पहले से ही सौरभ का पता नहीं है। उसके विरुद्ध लुकआउट सर्कुलर भी जारी है।

**अग्रिम जमानत याचिका खारिज–**जिला न्यायालय भोपाल से उसकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज हो चुकी है, ऐसे में सौरभ का पुलिस के सामने समर्पण के आसार बढ़ गए हैं। सौरभ शर्मा की बेनामी संपत्तियों की आयकर और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भी जांच कर रहा है। इन दोनों एजेंसियों की जांच भी सौरभ से पूछताछ नहीं हो पाने के कारण आगे नहीं बढ पा रही है।

**बेनामी संपत्ति राजसात होगी–**भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत बेनामी को आय से अधिक संपत्ति में शामिल किया जाता है। भ्रष्टचार निवारण की विशेष न्यायालय के आदेश से ऐसी संपत्तियों को राज्य सरकार राजसात कर लेती है। सौरभ की बेनामी संपत्तियां मिलने पर भी इसी तरह की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

**10 सवालों का 20 दिन बाद भी नहीं मिला जवाब–**पूर्व केंद्रीय मंत्री व कांग्रेस नेता अरुण यादव ने कहा है कि सौरभ शर्मा के यहां लोकायुक्त छापा और परिवहन घोटाले में मिला 54 किलो सोना, करोड़ों रुपये नगद एवं बेनामी संपत्ति के मामले में एक माह बाद भी कोई बड़ी कार्रवाई नजर नहीं आई है। उन्होंने कहा कि मैंने 20 दिन पहले भी सरकार से 10 प्रश्न किए थे, जिनका उत्तर आज तक नहीं मिल पाया है। मीडिया से बातचीत में उन्होंने सौरभ की परिवहन विभाग में नियुक्ति, उसकी गिरफ्तारी नहीं होने, उसके यहां कथित तौर मिली डायरी को सार्वजनिक करने, विभागीय जांच की स्थिति, ईओडब्ल्यू में हुई शिकायत को जांच में क्लीन चिट देने पर प्रश्न उठाए थे।

## उप मुख्यमंत्री खानपुरा से प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे

**मंदसौर, 18 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश



देवड़ा 19 जनवरी को प्रात: 11 बजे खानपुरा से प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। तत्पश्चात दोपहर 12 बजे संत श्री रोटीराम जी महाराज कदम आश्रम, गौशाला, बेहपुर, चांदीखेडी, खजुरिया सारंग के सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। दोपहर 3 बजे नारायणगढ में 1 करोड़ 69 लाख से निर्मित इंडोर स्पोटर्स कॉम्प्लेक्स भवन नारायणगढ़ का लोकार्पण कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। उसके पश्चात स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे एवं रात्रि विश्राम मंदसौर में करेंगे।

## जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री भूरिया आज मंदसौर आएंगी

**मंदसौर, 18 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिले की प्रभारी मंत्री एवं महिला बाल विकास विभाग की मंत्री



सुश्री निर्मला भूरिया 19 जनवरी को प्रात: झाबुआ से प्रस्थान कर मंदसौर आएंगे। तय कार्यक्रम अनुसार प्रात: 10:45 बजे दलोदा आगमन होगा एवं प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। तत्पश्चात दोपहर 12:10 बजे संत श्री रोटीराम जी महाराज कदम आश्रम, गौशाला, बेहपुर, चांदीखेडी, खजुरिया सारंग के सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। दोपहर 1:45 बजे बेहपुर से मंदसौर सर्किट हाउस प्रस्थान करेंगे। दोपहर 2:30 बजे मंदसौर सर्किट हाउस से नारायणगढ के लिये प्रस्थान करेंगे। नारायणगढ में 1 करोड़ 69 लाख से निर्मित इंडोर स्पोटर्स कॉम्प्लेक्स भवन नारायणगढ़ का लोकार्पण कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। लोकार्पण कार्यक्रम के बाद मंदसौर सर्किट हाउस के लिये प्रस्थान करेंगे। तत्पश्चात शाम 5:30 बजे मंदसौर सर्किट हाउस से झाबुआ के लिये प्रस्थान करेंगे।

इंडोर स्पोटर्स कॉम्प्लेक्स भवन नारायणगढ़ का लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के मंत्री श्री मनसुख मांडविया, खेल और युवा कल्याण एवं सहकारिता विभाग मध्य शासन के मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम से जुड़ेंगे। साथ ही उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा नारायणगढ़ इंडोर स्टेडियम लोकार्पण कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे।

# सीतामऊ साहित्य महोत्सव के माध्यम से इतिहास और साहित्य को जोड़ा जाएगा

## साहित्य प्रेमी, गीत प्रेमी, समाज सेवी, कला प्रेमी, शिक्षाविद की बैठक संपन्न



**मंदसौर, 18 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग की अध्यक्षता में सीतामऊ साहित्य महोत्सव के संबंध में जिले के साहित्य प्रेमी, गीत प्रेमी, समाजसेवी, शिक्षाविद, प्रोफेसर, कला प्रेमी इत्यादि अलग-अलग क्षेत्र के विद्वानों की एक बैठक कलेक्टर सभागार में आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने सभी से कहा कि सभी इस महोत्सव से जुड़े तथा इसको सफल बनाएं। इस महोत्सव के माध्यम से मंदसौर के साहित्य और इतिहास को जोड़ने का कार्य किया जाएगा। अब यह महोत्सव हर वर्ष होगा। यहा के इतिहास को ध्यान में रखते हुए ज्यादा से ज्यादा लोग इससे जुड़े। प्रयास किया गया है साहित्य और इतिहास को जोड़ने के साथ-साथ इससे जुड़ने वाले लोग अपने मनपसंद के कार्यक्रम भी इसमें जोड सकते हैं। सभी व्यक्ति अपने-अपने नजरिया सामने रखें। आप सभी के माध्यम से इस महोत्सव का व्यापक प्रचार प्रसार हो और अन्य लोगों को भी इससे जोड़े। तीन दिवसीय आयोजन में खाना, परिवहन की समस्त व्यवस्था रहेगी। इस महोत्सव से जुड़ने के लिए निर्धारित शुल्क निर्धारित किया गया है। जिसके माध्यम से पंजीयन करवा कर महोत्सव से जुड सकते हैं।





# स्वामित्व योजना ने लोगों को मकान का मालिकाना हक प्रदान किया–सांसद

## स्वामित्व योजना अंतर्गत जिले के 889 ग्रामों के 2 लाख 22 हजार परिवारों को सम्पत्ती का प्रापॅटी कार्ड प्रदान किया, जिला स्तरीय कार्यक्रम कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में संपन्न

**मंदसौर, 18 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय द्वारा स्वामित्व योजना का केंद्र स्तरीय कार्यक्रम 18 जनवरी को किया गया। सांसद श्री सुधीर गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की वर्चुअल उपस्तिथि में कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सिवनी जिले से कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का प्रसारण सभी ग्राम पंचायत में किया गया जहां पर हितग्रहियों ने देखा और सुना। कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री ने देश और मध्यप्रदेश सहित 12 राज्यों के 50 हजार गांव में 65 लाख से अधिक प्रॉपर्टी कार्ड भू अधिकार अभिलेखों का इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से वितरण किया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री द्वारा विडियो कांफ्रेस के माध्यम से सम्पूर्ण देश से चयनित स्वामित्व योजना के लाभार्थियों से बात की। कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं सांसद श्री सुधीर गुप्ता, पूर्व विधायक श्री यशपाल सिंह सिसोदिया, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री बसंत शर्मा, कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग, पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक आनंद, सीईओ जिला पंचायत श्री राजेश कुमार जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, जिलाधिकारी, पत्रकार, सहित बड़ी संख्या में हितग्राही, मौजूद थे।

सांसद श्री सुधीर गुप्ता द्वारा कहा गया कि स्वामित्व योजना ने लोगों को मालिकाना हक प्रदान किया है। जिसका अधिकार था, उस व्यक्ति को अब मालिक बनाया है। सभी लोग खेती किसानी करने वाले लोग हैं। खेती के साथ-साथ मकान का मालिकाना हक देने का काम सरकार ने किया। भारत की सरकार दुनिया की सबसे ताकतवर सरकार है और सरकार ने अनगिनत विकास के कार्य किए हैं। जिसकी बदौलत है कि आज भारत दुनिया के शक्तिशाली देशों की सूची में शामिल है। पट्टा वितरण में अगर कोई त्रुटि हो तो सभी राजस्व अधिकारी तुरंत सुधार करें। मन्दसौर जिले में आज 2 लाख 22 हजार 65 परिवारोंको आबादी क्षेत्र में उनकी सम्पत्ती का प्रापॅटी कार्ड प्रदान किया जा रहा है। उक्त संपति की कीमत 27514102178 (करोड में) है। जिसका लाभ हितग्राहियों को मिला है। इस महत्वकांक्षी योजना अंतर्गत मन्दसौर में 889 ग्रामो को सम्मिलित किया गया जिसमें मन्दसौर ग्रामीण में 116, मन्दसौर नगर में 39, सीतामऊ में 160, सुवासरा में 75, शामगढ में 93, गरोठ में 98ब भानपुरा में 79 एवं मल्हारगढ में 169 ग्राम सम्मिलित है। इन ग्रामो में वर्ष 25 सितम्बर 2018 से पूर्व में निवासरत समस्त परिवारों को सम्पत्ती कार्ड दिया जा रहा है। पूर्व विधायक श्री सिसोदिया द्वारा कहा गया कि स्वामित्व योजना से मकान रिकॉर्ड में दर्ज हुए हैं। जो किसी ने नहीं सोचा वह सरकार ने सोचा है। शहरी क्षेत्र के लिए धारणाधिकार योजना और ग्रामीण क्षेत्र के लिए स्वामित्व योजना ने लोगों को मकान का हक दिया है। अब कोई भी व्यक्ति मकान से लोन ले सकता है। संपत्ति का क्रय विक्रय कर सकता है। साथ ही 'मेरी पंचायत मेरा एप' का प्रशिक्षण भी उक्त स्वामित्व योजना में सम्पत्ती कार्ड वितरण के दौरान किया गया। मंच से हितग्राहियों को जनप्रतिनिधियों द्वारा भू अधिकार पत्र प्रदान किया गया। उसके पश्चात टीवी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत टीबी मरीजों को फूड बास्केट प्रदान किए गए। सभी ग्राम पंचायतों में जनप्रतिनिधियों द्वारा हितग्राहियों को भू अधिकार पत्र प्रदान किए गए।

# कनक कांता और कीर्ति से बचे तो जीवन भवपार है-नागरजी

**सुवासरा, 18 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** श्री मद भागवत कथा के द्वितीय दिवस पंडीत कमल किशोर जी नागर ने बताया की जीवन मे नशा नहीं करना है और अगर नशा करना ही है तो हरी नाम का करो जिससे जीवन का उद्धार हो गुरुवानी मे भी नाम की महिमा को बताया गया है सूतक लगने पर भी नाम जाप किया जा सकता है जीवन की डगर फिसलन भरी है और इन रास्तो को पार करना है तो सतगुरु का हाथ पकड लो वो सहारा आपको इस कठिन डगर से पार करा देगा मनुष्य को हमेशा कनक काँता और कीर्ति से बचना चाहिए कनक मतलब धन रुपया आज कल रुपया ही बड़े झगड़ो की जड है काँता से अभिप्राय है व्यभिचारि प्रवर्ती से भी मनुष्य को बचना चाहिए तीसरा है कीर्ति इससे भी बचना चाहिए परन्तु कीर्ति बड़े बड़े विद्वानो का भी अपने चंगुल मे उलझा देती है जो इन तीनो से बच गया समझो वो इस भव से पार हो गया आगे उन्होंने बताया की कोई भी संतान अपने माँ पिता और अपने बुजुर्गो को ना छोड़े इसी प्रकार बुजुर्ग भी भगवान का स्मरण ना छोड़े बाजार मे दुकानो पर सभी प्रकार का समान मिलता है पर शुभ आशीर्वाद नहीं मिलता आशीर्वाद सिर्फ माता पिता ही दे सकते है उनकी सेवा करना संतान का मूल उद्देश्य होना चाहिए द्वितीय दिवस की कथा के प्रारम्भ मे पंडित नागर जी के प्रपोत्र बाल संत पंडित गोविन्द जी नागर ने भी उपस्थित श्रद्धांलुओं को सम्बोधित करते हुए बताया की भागवत प्राप्ति के लिए ज्यादा भटकाव की जरूरत नहीं है अगर मनुष्य को भगवत प्राप्ति करनी है तो दो सरल उपाय है सेवा और सतसंग अगर जीवन मे सेवा और सतसंग है तो भगवत प्राप्ति हो जायगी इसमें कोई संशय नहीं है सेवा हमेशा निस्वार्थ हो और संग अच्छे लोगो मे हो सेवा किसी भी रूप मे की जा सकती है गो सेवा माता पिता की सेवा जन सेवा कोई भी सेवा करो निस्वार्थ भाव से करोगे तो निश्चित भगवत प्राप्ति होंगी उन्होंने एक कहानी के माध्यम से सरल उदाहरण देते हुए उपस्थित लोगो को समझाया।

## कार में रखा पांच लाख ...

पेज 1 से जारी

राहगीरों से पूछताछ की तो एक व्यक्ति ने बताया कि उसने दो व्यक्तियों को बाइक पर झोला ले जाते हुए देखा है।

**पांच किमी तक देखा पर नहीं मिले बदमाश–**इसके बाद व्यापारी कोठारी ने आसपास करीब पांच किलोमीटर एरिया तक बदमाशों की तलाश की लेकिन उनका पता नहीं चला। उन्होंने बजाना थाने पहुंचकर घटना की शिकायत की। पुलिस लिखित में उनकी शिकायत लेकर मामले की जांच कर रही है।



## ढोढर को आदर्श ग्राम बनाने हेतु बैठक सम्पन्न

**सुवासरा, 18 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मप्र जन अभियान परिषद की आदर्श ग्राम की संकल्पना को साकार करने हेतु विकास खण्ड सीतामऊजिला मंदसौर के ब्लॉक समन्वयक नारायण सिंह निनामा के निर्देशन में चयनित नवांकुर श्री शिवम शिक्षण एवं सामाजिक कल्याण समिति द्वारा आदर्श ग्राम ढोढर में आदर्श ग्राम हेतु बैठक आयोजित की गई बैठक में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह तंवर सभी सदस्य एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे कार्यक्रम में प्रस्फुटन के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह द्वारा सभी का परिचय करवाकर आदर्श ग्राम की रूपरेखा से अवगत करवाया तत्पश्चात आदर्श ग्राम ढोढर जन सूचना केंद्र, संस्कार केंद्र, वाचनालय की स्थापना, नशा मुक्त, विवाद मुक्त हो एवं जैविक खेती पर विस्तार से चर्चा की गई जैविक खेती करने के लिए किसानो को प्रेरित किया गया। ग्राम के मुख्य बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। वृक्षारोपण, प्रस्फुटन वाटिका, स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा, संस्कार केंद्र, पलिथीन मुक्त आदि विषय पर बताया गया जिसमें ग्रामीण जनों की सहमति से जन सूचना केंद्र संस्कार केंद्र की स्थापना की जाएगी,उपस्थित सभी लोगों ने ग्राम ढोढर को आदर्श ग्राम बनाने हेतु संकल्प लिया।।

# मुख्यमंत्री नि:शक्त शिक्षा प्रोत्साहन योजना के आनलाइन आवेदन 24 तक होंगे स्वीकार

**मंदसौर, 18 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के माध्यम से दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए संचालित मुख्यमंत्री नि:शक्त शिक्षा प्रोत्साहन योजना के विद्यार्थियों के ऑनलाइन आवेदन अब 24 जनवरी 2025 तक स्वीकार किए जाएंगे।

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित 2024-25 में अध्ययनरत दृष्टिबाधित, श्रवणबाधित, मंदबुद्धि, अस्थिबाधित दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए एन.आई.सी. मध्यप्रदेश के सहयोग से स्पर्श पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किये जाने के लिए अंतिम तिथि 12 नवंबर 2024 निर्धारित की गई थी। विभाग द्वारा जारी नये निर्देशों के अनुसार विद्यार्थी अब योजना का लाभ लेने के लिये 24 जनवरी 2025 तक पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। योजना के लिए पात्र दिव्यांग विद्यार्थी प्रवेशित संस्था प्रमुख के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन के साथ दिव्यांग प्रमाण-पत्र (यू.डी.आई.डी. कार्ड), आधार कार्ड, समग्र आईडी, पूर्व में पास की गई कक्षा की अंक-सूची और राशन कार्ड या आय-प्रमाण पत्र की छायाप्रति ऑनलाइन अपलोड कर योजना का लाभ ले सकेंगे।

## ब्राह्मण समाज की बैठक आज

**मंदसौर, 18 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** ब्राह्मण समाज द्वारा एक आवश्यक बैठक का आयोजन रखा गया है समाज के अध्यक्ष पं. दिलीप दुबे ने बताया की ब्राह्मण समाज सर्व समाज के हितों की बात करता है और पर्यावरण तथा संस्कृति की रक्षा में अग्रणी रहता है। समाज के वरिष्ठ बंधुओं के सानिध्य में आज दिनांक 19 जनवरी 2025 रविवार को दोपहर 1 बजे शुक्ला कोचिंग सेंटर शिक्षा विभाग परिसर, श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर के पास गांधी चौराहा पर बैठक रखी गई है जिसमे समाज के वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त कर आगे की कार्य योजना बनाई जाएगी। अत: सभी विप्र बंधुओ से आग्रह है की अधिक से अधिक संख्या में पधार कर बैठक में अपने अमूल्य सुझाव देकर दिशा प्रदान करे।



## महिला पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता सम्पन्न

**मनासा, 18 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** 11वीं संभाग स्तरीय विभागीय अधिकारी कर्मचारी महिला पुरुष कबड्डी क्रीडा प्रतियोगिता आज दिनांक 18/01/25 को सी एम राइज विद्यालय मनासा के खेल मैदान पर प्राचार्य बी. एल. बसेर एवं प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी अजय नागोरी के मार्गदर्शन में आयोजित हुई। जिसमें उज्जैन संभाग के पुरुष वर्ग में चार जिलों की टीमो नीमच, उज्जैन, आगर मालवा और देवास ने भाग लिया। इसी प्रकार महिला वर्ग में, नीमच और मंदसौर की टीमों ने भाग लिया। पुरुष वर्ग में, देवास जिले की टीम और महिला वर्ग में नीमच जिले की टीम विजेता रही।जिले के सभी खेलकूद शिक्षकों के द्वारा रेफेरशिप एवं सहयोग से उक्त प्रतियोगिता संपन्न हुई। अंत में आभार प्रदर्शन सीएम राइज विद्यालय मनासा के खेलकूद शिक्षक दिनेश धाकड द्वारा किया गया।

**राजकुमार गुप्ता, एड०होकेट**

कार्यालय व निवास-207 तिरूपति नगर, होटल सम्राट के सामने पानी की टंकी के पास स्टेशन रोड, मंदसौर (मप्र)-458001 Mobile No-98260-58658 E-Mail-rkguptamds@gmail.com

क्रमांक 93/2025 दिनांक 17.01.2025

**✻✻✻ जाहिर सूचना ✻✻✻**

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा चांदनी पति मंगल, जाति–मेहतर, निवासी–ग्राम अलावदाखेडी, तहसील व जिला–मन्दसौर से आवासीय भूमि सर्वे क्रमांक 113, वार्ड नं. 07, पटवारी हल्का नं. 00024, पर दर्ज होकर, पता–ग्राम अलावदाखेडी, तहसील व जिला–मन्दसौर उनके हक और हिस्से का स्वत्व. त्याग विधिवत रजिस्टर्ड, स्वत्व त्याग विलेख ई–पंजीकरण क्र. MP249392025ए1024690, दिनांक 10.01.2025 से मेरे पक्षकार मंगल पिता घनश्याम, जाति–मेहतर, निवासी–ग्राम– अलावदाखेडी, तहसील व जिला–मन्दसौर के पक्ष में उप पंजी कार्यालय मन्दसौर में करवाया गया है। उक्त मकान की चतुर्सीमा व पैमाईश निम्नानुसार है.–

पूर्व में– रास्ता कच्चा, पश्चिम में–खाली भूमि, उत्तर में–कालूराम का मकान, दक्षिण में–प्रकाश मकवाना की भूमि, पैमाईश रकबा 1200 वर्ग फीट एवं 111.52 वर्ग मीटर

उक्त सम्पत्ति पर मेरे पक्षकार द्वारा INDIAN SHELTER FINANCE, CORPORATION LIMITED, Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है, यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार बोझ आदि उक्त सम्पत्ति पर हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करे, वरना बाद गुजरने, मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी जो सूचित हो।

भवदीय
राजकुमार गुप्ता, एडवोकेट मन्दसौर

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in